an>

Title: Need to take steps to improve the services of BSNL in Jammu and Kashmir.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : स्पीकर महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य में बीएसएनएल की सेवाओं की ओर दिलाना चाहता हूं। राज्य में बीएसएनएल की सेवा बहुत ही खराब स्थिति में है। दूरदराज के क्षेत्रों में सिंग्नल का न आना समझ में आता है लेकिन यही स्थिति शहरों की भी हो, यह समझ में नहीं आता। शहरों में भी सेवाएं प्राप्त नहीं हो रही हैं। राज्य में 2-जी, 3-जी की स्थिति बहुत ही खराब है। वहां अभी तक 3-जी सेवा शुरू नहीं हो पाई है। क्या इसका कारण राज्य में टॉवरों की कम संख्या का होना है या इसकी कोई और वजह है? इस क्षेत्र में जो निजी कंपनियां काम कर रही हैं उनकी सेवाएं बहुत अच्छी हैं। वहां बीएसएनएल की सेवा अच्छी होनी चाहिए, लेकिन जम्मू-कश्मीर में बीएसएनएल की सेवाएं ठप्प पड़ी हुई हैं। जम्मू-कश्मीर की जनता बीएसएनएल के नेटवर्क से बहुत परेशान है। इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाए, जिससे जम्मू-कश्मीर की जनता को राहत मिल सके।